Sixteenth Loksabha

>

Title: Non implementation of welafre schemes of Central government in Chattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): उपाध्यक्ष महोदय, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारी योजनाओं का संचालन किया है। हमारे छत्तीसगढ़ में जो नई कांग्रेस की सरकार बनी है, उस कांग्रेस की सरकार के द्वारा राजनीतिक विद्वेष के कारण केन्द्र सरकार की बहुत सारी योजनाओं का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से आयुष्मान भारत योजना है, इसमें गरीबों का इलाज होता है।

जो 10 प्रतिशत आरक्षण सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्ति को केन्द्र सरकार के द्वारा दिया गया है, उसे वहाँ लागू नहीं किया जा रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन और माँग करूँगा कि सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को आगे बढ़ाने के लिए तत्काल उस 10 प्रतिशत आरक्षण को छत्तीसगढ़ में लागू किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Lakhan Lal Sahu.